बरेली, शनिवार
13 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 2 : TOP

# मैदान में पहुंची यूपी की टीम, अभ्यास सत्र आज



एसआरएमएस स्टेडियम में चल रही हैं तैयारियां.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (12 Dec):** बीसीसीआइ की ओर से जिले में कूच बेहार ट्राफी का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक होगा. चार दिवसीय क्रिकेट मैच में उत्तर प्रदेश बनाम पश्चिम बंगाल के बीच अंडर-14 टीम का मुकाबला होगा. इसके लिए मैदान पर जरूरी तैयारियां की जा रही हैं. वहीं, शुक्रवार की देर शाम उत्तर प्रदेश की टीम जिले में पहुंच गई है. कूच बेहार ट्राफी का आयोजन भोजीपुरा के एसआरएमएस ग्राउंड में प्रस्तावित है. बीसीए के कोच ओपी कोहली ने बताया कि बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर शिव कुमार बीते दो दिनों से मैदान में डटे हुए हैं. वह मैच के अनुसार पिच को तैयार कर रहे हैं, जिससे यूपी व पश्चिम बंगाल की टीम के खिलाड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े. इसके लिए मैदान की मिट्टी, घास की लंबाई, पिच की माप आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करना पिच क्यूरेटर की प्रमुख जिम्मेदारी होती है. मैदान पर पहले भी दो बार कूच बेहार ट्राफी का आयोजन किया जा चुका है.